भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. †*139
सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## समुद्र तट (बीच) और तटीय पर्यटन स्थलों का विकास

**†*139. श्री तंगेला उदय श्रीनिवास:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान समुद्र तट (बीच) और तटीय पर्यटन के लिए सबसे अधिक विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) दर्ज करने वाले शीर्ष दस राज्यों का वर्ष-वार, राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसमें उनमें से प्रत्येक का हिस्सा कितना है;

(ख) क्या सरकार चुनिंदा समुद्र तटों (बीचों) को उच्च स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी योजनाओं अथवा कार्यक्रमों के नाम क्या हैं और इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग में लाई गई है;

(घ) क्या सरकार ने समुद्र तटों (बीच) को उच्च स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए कोई अध्ययन या आकलन किया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का विचार समुद्र तटों (बीच) के विकास, विनियमन और सौंदर्यीकरण के लिए एक व्यापक समुद्र तट (बीच) पर्यटन नीति बनाने का है; और

(छ) यदि हां, तो इसके लिए प्रस्तावित समय-सीमा और प्रमुख नीतिगत उद्देश्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (छ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा समुद्र तट (बीच) और तटीय पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*139 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में **विवरण**

(क): मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों में विदेशी पर्यटकों की यात्रा (एफटीवी) संबंधी आंकड़े संकलित करता है। पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सबसे अधिक विदेशी पर्यटक यात्राएं दर्ज करने वाले शीर्ष दस तटीय राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों का उनकी हिस्सेदारी सहित विवरण (अद्यतन आंकड़ों सहित) **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग): बीच और तटीय पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं एवं पहलों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों में सहयोग देता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं, जैसे - 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - एसडी 2.0 की एक उप-योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को, योजना के दिशानिर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुरूप उनसे प्राप्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर), निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके बीच गंतव्यों सहित देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' नामक अपनी पहल के तहत भी देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों को व्यापक रूप से विकसित करने और वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग तथा विपणन करने के प्राथमिक उद्देश्य से परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीच और तटीय स्थलों पर शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) से (छ): मंत्रालय की विभिन्न योजनाएँ, कार्यक्रम और पहलें तटीय पर्यटन सहित पर्यटन संवर्धन और विकास से संबंधित मुद्दों का सक्रिय रूप से समाधान कर रही हैं। मंत्रालय का मुख्य उद्देश्य इन जारी पहलों को सुदृढ़ और प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करना तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और हितधारकों के सुझावों के अनुरूप भविष्य में अपेक्षित सुधार करते हुए पर्यटन क्षेत्र की बदलती आवश्यकताओं पर गौर करना है।

उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत प्रस्तावित स्थलों का व्यवहार्यता अध्ययन और संबंधित आकलन परियोजना विकास का अभिन्न अंग है; हालांकि, विशेष रूप से तटीय पर्यटन के विकास के लिए एक पृथक राष्ट्रव्यापी अध्ययन, आकलन या नीति की परिकल्पना अभी नहीं की गई है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा समुद्र तट (बीच) और तटीय पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*139 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान सर्वाधिक संख्या में विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफटीवी) दर्ज करने वाले तटीय राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों का विवरण:**

| वर्ष 2019-2024 के दौरान राज्य-वार विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफटीवी) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | |
| | | एफटीवी | एफटीवी | एफटीवी | एफटीवी | एफटीवी | एफटीवी | % हिस्सा |
| 1 | महाराष्ट्र | 5,528,704 | 1,262,409 | 185,643 | 1,511,623 | 3,387,739 | 3,705,170 | 17.69 |
| 2 | पश्चिम बंगाल | 1,656,145 | 463,285 | 34,828 | 1,037,017 | 2,706,942 | 3,124,462 | 14.92 |
| 3 | गुजरात | 595,607 | 210,047 | 11,319 | 1,777,215 | 2,806,871 | 2,274,477 | 10.86 |
| 4 | तमिलनाडु | 6,866,327 | 1,228,323 | 57,622 | 407,126 | 1,174,899 | 1,161,302 | 5.55 |
| 5 | केरल | 1,189,771 | 340,755 | 60,487 | 345,549 | 649,057 | 738,374 | 3.53 |
| 6 | कर्नाटक | 608,754 | 165,325 | 72,487 | 128,520 | 409,333 | 485,204 | 2.32 |
| 7 | गोवा | 937,113 | 302,751 | 22,128 | 174,799 | 452,692 | 467,911 | 2.23 |
| 8 | आंध्र प्रदेश | 280,356 | 67,591 | 27,551 | 165,845 | 60,426 | 262,431 | 1.25 |
| 9 | ओडिशा | 115,128 | 10,206 | 2,269 | 22,121 | 45,173 | 87,854 | 0.42 |
| 10 | पुदुचेरी | 149,919 | 92,080 | 321 | 862 | 31,214 | 17,819 | 0.09 |
| 11 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 16,206 | 5,412 | 1,687 | 4,461 | 9,025 | 11,497 | 0.05 |
| 12 | दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 7,369 | 1,604 | 185 | 1,791 | 4,048 | 2,626 | 0.01 |
| 13 | लक्षद्वीप | 820 | 413 | 4 | 125 | 755 | 898 | 0.00 |

स्रोतः राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के पर्यटन विभाग

*****

**अनुबंध-II**

श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा समुद्र तट (बीच) और तटीय पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*139 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

**पर्यटन मंत्रालय के गंतव्य विकास प्रभाग की सभी योजनाओं यथा एसडी 1.0, एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई, प्रशाद के अंतर्गत बीच/तटीय स्थलों में संचालित परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**I. स्वदेश दर्शन 1.0**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 2016-17 | 27.57 | 22.13 | 22.08 | पूर्ण |
| 2 | आंध्र प्रदेश | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 2014-25 | 67.83 | 67.83 | 67.83 | पूर्ण |
| 3 | आंध्र प्रदेश | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 2015-16 | 49.55 | 49.55 | 49.55 | पूर्ण |
| 4 | गोवा | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 2016-17 | 97.65 | 97.65 | 97.50 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | गोवा | तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 2017-18 | 99.35 | 99.35 | 97.74 | पूर्ण |
| 6 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), देवगढ़, मितभव, तोंडावली, मोचेमाड और निवाती किले का विकास | 2015-16 | 19.06 | 18.10 | 17.61 | पूर्ण |
| 7 | ओडिशा | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास | 2016-17 | 70.82 | 67.28 | 59.47 | पूर्ण |
| 8 | पुदुचेरी | दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 2015-16 | 58.44 | 58.44 | 58.44 | पूर्ण |
| 9 | तमिलनाडु | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 2016-17 | 73.13 | 71.03 | 71.03 | पूर्ण |
| 10 | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 2015-16 | 67.99 | 65.07 | 65.07 | पूर्ण |
| **कुल** | | | | **631.39** | **616.43** | **606.32** | |

## II. स्वदेश दर्शन 2.0

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति की तिथि** | **स्वीकृत परियोजना राशि (करोड़ रुपये में)** | **उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 29.03.2025 | 97.52 | 9.75 | - | कार्य शुरू हो चुका है। (4.04% भौतिक प्रगति) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | गोवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 28.08.2024 | 19.89 | 1.99 | - | कार्य हाल ही में शुरू हुआ है। |
| 3 | पुदुचेरी | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 05.03.2024 | 20.30 | - | - | सीआरजेड मंजूरी लंबित है। |
| 4 | तमिलनाडु | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 29.02.2024 | 30.02 | - | - | एनएमए की मंजूरी लंबित है। |
| 5 | दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | दमन कन्वेंशन सेंटर | 29.03.2025 | 147.13 | - | - | निविदा प्रकाशित की गई (हाल ही में सीआरजेड मंजूरी प्राप्त हुई) |
| 6 | केरल | अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 29.03.2025 | 93.18 | 9.32 | - | कार्य शुरू हो चुका है। (11.46% भौतिक प्रगति) |
| 7 | लक्षद्वीप | बंगाराम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास | 29.03.2025 | 81.18 | 8.12 | - | परियोजना संशोधन के अधीन है।* |
| **कुल** | | | | **489.20** | **29.18** | | |

नोट: * बंगाराम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई एक्सपीरियंस के विकास के संबंध में: दिसंबर 2025 में माननीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने सूचित किया कि मौजूदा प्रस्ताव को लागत वृद्धि के साथ विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए संशोधित डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इसे उचित समय पर मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाएगा।

### III. चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | हरसिद्धि तट पर पवित्र महासागर आश्रय स्थल | 27.03.2025 | 24.66 | 2.47 | - | हाल ही में निविदा प्रकाशित की गई है। |
| 2 | केरल | वर्कला-दक्षिण काशी | 27.03.2025 | 25.00 | 2.50 | - | कार्य शुरू हो चुका है। (1.54% भौतिक प्रगति) |
| 3 | केरल | थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव | 27.03.2025 | 25.00 | 2.50 | - | कार्य शुरू हो चुका है। (8.34% भौतिक प्रगति) |
| 4 | पुदुचेरी | व्हाइट टाउन का विकास | 27.03.2025 | 22.19 | 2.22 | - | हाल ही में कार्य शुरू हुआ है। |
| 5 | तमिलनाडु | रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन | 27.03.2025 | 20.01 | 2.00 | - | कार्य शुरू हो चुका है। (7.77% भौतिक प्रगति) |
| **कुल** | | | | **116.85** | **11.69** | | |

**IV. राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति की तिथि** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **उपयोग के लिए जारी की गई राशि (करोड़ रु. में)** | **उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केरल | अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 26.11.2024 | 59.71 | 39.34 | - | कार्य शुरू हो चुका है। (17.45% भौतिक प्रगति) |
| 2 | महाराष्ट्र | पूर्व आईएनएस गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टानें और पनडुब्बी पर्यटन | 26.11.2024 | 46.91 | 30.96 | - | कार्य शुरू हो चुका है। (10% भौतिक प्रगति) |
| **कुल** | | | | **106.62** | **70.3** | | |

V. **तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत परियोजना राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोवा | बॉम जीसस बेसिलिका का विकास | 04.12.2024 | 16.46 | 4.68 | 0 | कार्य शुरू हो चुका है। (24.78% भौतिक प्रगति)<br><br>राज्य ने कुछ बदलावों का प्रस्ताव रखा है। इन्हें सीएसएमसी के समक्ष रखा जाएगा। |
| 2 | गुजरात | द्वारका का विकास | 12.09.2016 | 10.46 | 10.46 | 10.46 | पूर्ण |
| 3 | गुजरात | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 19.12.2018 | 47.12 | 47.12 | 47.12 | पूर्ण |
| 4 | गुजरात | सोमनाथ में तीर्थयात्रा संबंधी सुविधाओं का विकास | 28.03.2017 | 45.36 | 45.36 | 45.36 | पूर्ण |
| 5 | ओडिशा | मेगा परिपथ के अंतर्गत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम रामचंडी - प्राची नदी तट पर देमूली में अवसंरचना विकास कार्य | 26.03.2015 | 50.00 | 10.00 | 0 | बंद कर दी गई। |
| 6 | तमिलनाडु | वेलंकन्नी का विकास | 07.10.2016 | 4.86 | 4.86 | 4.86 | पूर्ण |
| **कुल** | | | | **174.26** | **122.48** | **107.8** | |

## VI. अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)

**समुद्र तट विकास परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | एजेंसी | स्वीकृति की तिथि | उपयोग के लिए जारी की गई राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | स्वीकृत परियोजना राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केरल के कोचीन स्थित विलिंगडन द्वीप पर पैदल मार्ग/सैरगाह का विकास | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 28-10-2016 | 8.26 | 8.26 | 9.01 | पूर्ण |
| 2 | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 12-12-2018 | 4.66 | 3.74 | 4.66 | पूर्ण |
| | **कुल** | | | | **12.92** | **12.0** | **13.67** | |

## VII. एसीए के अंतर्गत अन्य तटीय परियोजनाओं की सूची:

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | एजेंसी | स्वीकृति तिथि | उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | स्वीकृत परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीव किले में ध्वनि एवं प्रकाश शो, दीव | दमन और दीव | आईटीडीसी | 28-02-2015 | 6.20 | 6.20 | 7.75 | पूर्ण |
| 2 | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र | तमिलनाडु | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 24-09-2012 | 17.24 | 17.24 | 17.24 | पूर्ण |
| 3 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 31-03-2017 | 19.12 | 17.12 | 21.41 | पूर्ण |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | केंद्रीय वित्तीय सहायता | | | | | | | |
| 4 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 13-12-2019 | 8.88 | 8.89 | 10.29 | पूर्ण |
| 5 | कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास करना | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 12-12-2018 | 1.14 | 1.14 | 1.20 | पूर्ण |
| 6 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में आव्रजन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 24-08-2018 | 4.91 | 4.91 | 13.16 | बंद कर दी गई |
| 7 | गोवा के मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज टर्मिनल और संबद्ध सुविधाओं का विकास | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 10-09-2021 | 40.0 | 40.0 | 50.00 | जारी |
| 8 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज टर्मिनल भवन | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 24-06-2014 | 7.67 | 7.67 | 8.79 | पूर्ण |
| 9 | विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 14-12-2018 | 29.91 | 29.91 | 38.50 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 10 | मुंबई के इंदिरा डॉक स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 29-12-2017 | 12.50 | 12.50 | 12.50 | पूर्ण |
| 11 | कानोजी आंग्रे लाइटहाउस का | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 09-08-2016 | 15.00 | - | 15.00 | पूर्ण |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पर्यटन स्थल के रूप में विकास | | | | | | | |
| 12 | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के इंदिरा डॉक स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 20-12-2021 | 30.00 | 30.0 | 37.50 | जारी |
| 13 | पुरी रेलवे स्टेशन | ओडिशा | रेल मंत्रालय | डेटा उपलब्ध नहीं | 6.14 | 6.15 | 6.15 | पूर्ण |
| 14 | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन | तमिलनाडु | रेल मंत्रालय | 28-03-2018 | 3.75 | 2.26 | 4.70 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 15 | तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन (टीवीसी) | केरल | रेल मंत्रालय | 30-07-2013 | 4.00 | 3.98 | 5.98 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| | **कुल** | | | | **206.46** | **42.39** | **276.34** | |

*****